सिद्धार्थ विश्वविद्यालय
कपिलवस्तु,सिद्धार्थनगर
पिन:—272202

SIDDHARTH UNIVERSITY
Kapilvastu, Siddharth Nagar
Pin-272202

# विश्व हाथ धुलाई दिवस

## 15 अक्टूबर 2020

## ऑनलाइन प्रतियोगिताओं की रिपार्ट

**समय— दोपहर 02:00 से 04:00 बजे तक**

आज दिनांक 15 अक्टूबर, 2020 को विश्व हाथ धुलाई दिवस के अवसर पर व्यक्तिगत एवं समाजिक स्वच्छता तथा साबुन एवं साफ पानी से हाथ धुलाई के महत्व के बारे में जागरुकता बढ़ाने और व्यवहार परिर्वतन प्रोत्साहित करनें हेतु, सिद्धार्थ विश्वविद्यालय, कपिलवस्तु, सिद्धार्थनगर द्वारा दोपहर 02:00 बजे से सायं 4:00 बजे तक विश्वविद्यालय स्तर पर तीन प्रतियोगिताओं का आनलाइन आयोजन हुआ—

1. पोस्टर प्रतियोगिता।
2. स्लोगन प्रतियोगिता।
3. कहानी / लेख प्रतियोगिता।

**विश्व हाथ धुलाई दिवस के अवसर पर विद्यार्थियों की पोस्टर प्रतियोगिता सम्बन्धित सूचना वांछित प्रारुप—3 पर निम्नवत् है—**

| क0स0 | विश्वविद्यालय का नाम | विद्यार्थियों का स्थान | विद्यार्थियों का नाम | पोस्टर अपलोड किया गया |
|---|---|---|---|---|
| 01 | सिद्धार्थ विश्वविद्यालय कपिलवस्तु, सिद्धार्थनगर | 1. प्रथम | हरेन्द्र कुमार (बी0काम द्वितीय वर्ष) | संलग्न |
| | | 2. द्वितीय | हर्षिता (बी0काम द्वितीय वर्ष) | संलग्न |
| | | 3. तृतीय | हर्ष श्रीवास्तव (बी0काम तृतीय वर्ष) | संलग्न |
| | | website: www.suksn.edu.in पर अपलोड किया गया है। | | |

विश्व हाथ धुलाई दिवस के अवसर पर विद्यार्थियों की स्लोगन प्रतियोगिता प्रारुप—4 पर निम्नवत् है—

| क0स0 | विश्वविद्यालय का नाम | विद्यार्थियों का स्थान | विद्यार्थियों का नाम | स्लोगन लिखे (अधिकतम 20 शब्द) |
|---|---|---|---|---|
| 01 | सिद्धार्थ विश्वविद्यालय कपिलवस्तु, सिद्धार्थनगर | 1. प्रथम | हर्ष श्रीवास्तव (बी0काम तृतीय वर्ष) | संलग्न |
| | | 2. द्वितीय | अमित वर्मा (एम0काम0 प्रथम सेमेस्टर) | संलग्न |
| | | 3. तृतीय | हर्षिता (बी0काम द्वितीय वर्ष) | संलग्न |

विश्व हाथ धुलाई दिवस के अवसर पर विद्यार्थियों की कहानी / लेख प्रतियोगिता प्रारुप—5 पर निम्नवत् है—

| क0स0 | विश्वविद्यालय का नाम | विद्यार्थियों का स्थान | विद्यार्थियों का नाम | कहानी / लेख लिखे (अधिकतम 200 शब्द) |
|---|---|---|---|---|
| 01 | सिद्धार्थ विश्वविद्यालय कपिलवस्तु, सिद्धार्थनगर | 1. प्रथम | हर्षिता (बी0काम द्वितीय वर्ष) | संलग्न |
| | | 2. द्वितीय | अमित वर्मा (एम0काम0 प्रथम सेमेस्टर) | संलग्न |
| | | 3. तृतीय | वन्दना (एम0काम0 तृतीय सेमेस्टर) | संलग्न |


संलग्नक— यथोक्त ।

संतोष सिंह 15/10/20.
डॉ0 संतोष सिंह
सह—समन्वयक

15.10.20
डॉ0 दिनेश प्रसाद
समन्वयक

15/10/2020
राकेश कुमार
कुलसचिव

Scanned with CamScanner




Scanned with CamScanner

करें हाथ की धुलाई,
इसी में है भलाई
नहीं धुलोगे हाथ,
तो कोरोना आयेगा साथ।

Amit Kumar Verma
M.Com I

Scanned with CamScanner

# विश्व हाथ धुलाई दिवस
## हाथ स्वच्छ तो स्वस्थ आप

मौसमी बीमारियों का सीजन चल रहा है, अगर आप सावधानी बरतेंगे तो आप कभी बीमार नहीं होंगे अगर आपके हाथ स्वच्छ रहेंगे तो ही आप स्वस्थ रह सकते हैं।

हमारे हाथों के द्वारा ही शरीर पर होने वाले बैक्टिरिया शरीर के अंदर पहुँचते हैं तथा हम बीमार हो जाते हैं।

हमारे हाथों में अनदेखी गंदगी छिपी होती है, जो किसी भी वस्तु को छूने, उसका उपयोग करने एवं कई तरह के दैनिक कार्यों के कारण होती है। यह गंदगी, बगैर हाथ धोए खाद्य एवं पेय पदार्थों के सेवन से आपके शरीर में जाती है और बीमारियों को जन्म देती है। हाथों की धुलाई के प्रति जागरूकता पैदा करने के मकसद से पूरे विश्व में 15 अक्टूबर को विश्व हाथ धुलाई दिवस मनाया जाता है।

हाथ धुलाई जागरूकता अभियान की बड़ी उपलब्धि के रूप में इस वर्ष मध्यप्रदेश में एक साथ 12 लाख 76 हजार 425 विद्यार्थियों द्वारा 'विश्व हाथ धुलाई दिवस' पर हाथ धोने के कीर्तिमान को गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड की मान्यता मिल गई।


बचपन में स्कूल में सिखाया जाता था, कि खाना खाने के पहले हाथ धोना चाहिए। इसके अलावा साफ-सफाई से जुड़ी बहुत सी बातें बताई जाती थीं। धीरे-धीरे यह बातें हमारी अच्छी आदतों में शामिल हो गई, लेकिन दुनियाभर में कई लोग आज भी इनके प्रति जागरूक नहीं हैं। विश्व हाथ धुलाई दिवस का उद्देश्य इसी जागरूकता को समाज तक पहुँचाना है।

अमित कुमार वर्मा
M.Com I

Scanned with CamScanner


# HAND WASH IN SUMAN'K STEPS

Name ⇒ Harsh Srivastav
B.Com IIIrd Year




S = सीधा

S = सीधा
U = उल्टा
M = मुट्ठी
A = अंगूठा
N = नाखून
K = कलाई



A = अंगूठा



U = उल्टा



M = मुट्ठी



N = नाखून



K = कलाई

Scanned with CamScanner

# "GLOBAL HANDWASHING DAY" [2020]

**Theme:–** "सभी के लिए स्वच्छ हाथ"

15 अक्टूबर के मौके पर प्रत्येक वर्ष वैश्विक स्तर पर हाथों की स्वच्छता को लेकर ग्लोबल हैंडवाशिंग डे मनाया जाता हैं। इसके पीछे की मान्यता हैं कि हाथों की गंदगी से होने वाली बीमारियां जैसे- डायरिया, आंख और त्वचा संबंधी बीमारियों से बचाव करना। अब तो कोरोना संक्रमण काल ने हाथ धोते रहने की प्रवृत्ति को और भी आगे बढ़ाने का काम किया हैं। हाथ धोने के प्रति लोगों में जागरूकता बढ़ाने के लिए वैश्विक स्तर पर हर साल 15 अक्टूबर को Global Handwashing Day मनाया जाता हैं। इस दिन की स्थापना वर्ष 2008 में ग्लोबल हैंड वॉशिंग पार्टनरशिप द्वारा की गई जिसका प्रयास साबुन से हाथ धोने के महत्व पर जागरूकता बढ़ाना है।


इस साल के ग्लोबल हैंडवाशिंग डे की थीम "सभी के लिए स्वच्छ हाथ" निर्धारित किया गया है। इस साल सभी लोगों ने हाथों की स्वच्छता को बखूबी समझा है। कोरोना संक्रमण से बचाव के लिए सबसे प्रभावी तरीका ठीक तरह से कम-से-कम 20 सेकेंड तक हाथों को धोना है। WHO के वैश्विक सुझावों में COVID-19 को रोकने के लिए और नियंत्रित करने के लिए तथा इसे व्यवहार में लाने के लिए हाथों की स्वच्छता का लक्ष्य रखा गया है। इसके लिए हाल ही में WHO और यूनिसेफ की अगुवाई में हैंड हाइजीन फॉर ऑल ग्लोबल इनिशिएटिव लॉन्च किया गया है।

"wash your hands, Protect your health"

वन्दना
एम. काम. - 3rd sem.
सिद्धार्थ विश्वविद्यालय

Scanned with CamScanner

"CLEAN HANDS ARE SAFE HANDS"



VANDANA
M. COM. III[rd] Sem.
SIDDHARTH UNIVERSITY

# "GLOBAL HANDWASHING DAY"

Scanned with CamScanner




HARENDRA KUMAR B.COM. II
9794413010
SIDDHARTH UNIVERSITY

Scanned with CamScanner

# स्लोगन

"हाथ धुलाई की करो तैयारी,
आ रही हैं भयंकर बीमारी"।

By Harsh Srivastava
BCOM. 3rd

Scanned with CamScanner

# "स्वच्छता: हाथों की सफाई"

एक गाँव में एक छोटा सा परिवार रहता था। जिसके का नाम मोहन था। मोहन अपनी पत्नी, माँ तथा दो बच्चों के साथ सुखीपूर्वक जीवन-यापन करता था।

एक दिन मोहन की पत्नी सुभद्रा खाना पका रही थी तथा मोहन की माँ उसके छ: माह के बच्चे को खिला रही थी और मोहन का बड़ा बेटा राहुल जिसकी उम्र 3 वर्ष है वह बाहर अपने साथियों के साथ खेल रहा था, तभी सुभद्रा के छोटे बच्चे ने शौच कर दिया। मोहन की माँ सुभद्रा को पुकारती है – "बहू मुन्ना ने शौच कर दिया जल्दी आकर साफ कर जा"।

सुभद्रा – "आती हूँ माँ जी।"

उधर राहुल माँ से खाना माँगता है, सुभद्रा जल्दी-जल्दी छोटे बच्चे का शौच साफ करती है और जल्दी से साबुन से हाथ धोए बिना ही राहुल को अपने हाथों से भोजन खिला देती है।

शाम को जब राहुल खेलकर घर आता है तो वह अपनी माँ से पेट-दर्द तथा दस्त की शिकायत करता है। अगले दिन राहुल की स्थिति अधिक गम्भीर हो जाती है। मोहन पड़ोस के बंगाली डॉक्टर से दवा लेकर आता है लेकिन वह राहुल को फायदा नहीं करता है।

उसी दिन आशा बहन राहुल के तबियत के बारे में सुनकर उसे देखने आती हैं जैसे वह सुभद्रा के घर पहुँचती हैं सुभद्रा अपना घर का काम छोड़कर बिना हाथ धुले उनके लिए पानी लेकर आती है। यह देखकर आशा कहती हैं – "अरे! अरे! मुझे भी बीमार करोगी क्या?"

सुभद्रा – "अरे कैसी बात कर रही हो दीदी! मैं भला क्यों आपको बीमार करूँगी।"

P.T.O

आशा- "बिना साबुन के हाथ धोकर तुम मुझे पानी पिला रही हो, हो न हो मुन्ना भी इसी गन्दगी के कारण बीमार पड़ा है।"

क्या तुम नहीं जानती कि सिर्फ पानी से हाथ धोने से गन्दगी साफ नहीं होती है। हाथों की गन्दगी को साफ करने के लिए जरूरी है हाथों को अच्छी तरह से साबुन से धोना।

आशा- जाओ जाकर एक जग पानी लेकर आओ मैं तुम्हें हाथ धोने का सही तरीका बताती हूँ।"

सबसे पहले हाथों को पानी से गीला करो फिर साबुन लगाओ और SUMANK trick (S- सीधा, U- उल्टा, M- मुट्ठी, A- अँगूठा, N- नाखून, और K- कलाई) द्वारा हाथों को धोने के सही तरीके के बारे में बताती है। वह बच्चे को ORS घोल के बारे में भी बताती है कि उसे बच्चे को ORS घोल देना चाहिए।

तभी मोहन आता है और आशा बहन को नमस्कार करता है तब वह उसे भी डाँटती है कि बच्चे की हालत इतनी नाजुक है और तुम हाथ पर हाथ धरे बैठे हो जल्द से जल्द राहुल को प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र ले जाओ और उसका उचित इलाज करवाओ। तब मोहन राहुल को स्वास्थ्य केन्द्र लेकर जाता है और उसका इलाज करवाता है।

हर्षिता त्रिपाठी
(बी० काम० (द्वितीय वर्ष)

Scanned with CamScanner




Scanned with CamScanner